दिनांक–05.06.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जीती 292 सीटें, कांग्रेस की अगुवाई वाला गठबंधन दो सौ 33 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर।
- प्रदेश में भाजपा ने बड़े अंतर से जीती सभी 29 सीटें, इंदौर ने बनाया रिकार्ड।
- प्रदेश में आज भी बदले रहेंगे मौसम के मिजाज। कई शहरों में लू का असर तो कहीं होगी आंधी के साथ बारिश।
  और
- ट्वेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप क्रिकेट में आज रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम करेगी अपना अभियान शुरू।

लोकसभा चुनाव परिणाम

लोकसभा की सभी 543 सीटों के परिणाम आ गए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 292 सीटें जीती हैं। वहीं कांग्रेस की अगुवाई वाला आई एन डी आई गठबंधन दो सौ 33 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि 18 सीटों पर अन्य उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। भाजपा 240 सीटें जीतकर सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है, जबकि कांग्रेस 99 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। समाजवादी पार्टी को 37, तृणमूल कांग्रेस को 29, डीएमके को 22, तेलुगुदेशम पार्टी को 16, जनता दल यूनाइटेड और शिवसेना उद्दव ठाकरे को 9––9, एनसीपी शरद पवार को 8, शिवसेना शिंदे को 7, लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास को 5, आरजेडी और सीपीआईएम को चार–चार, आम आदमी पार्टी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को तीन–तीन तथा जेडीएस, जनसेना, वीसीके, सीपीआई, सीपीआई एमएल और नेशनल कॉन्फ्रेंस को दो–दो सीटें मिली हैं।

भाजपा जीत–प्रदेश

मध्यप्रदेश में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है। भाजपा ने प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस को यहां एक भी सीट भी नहीं मिल पाई है।

*प्रदेश सहित देश भर में मिली जीत पर भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में कल विजय उत्सव मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई नेता इसमें शामिल हुए। नतीजों की बात करें तो इंदौर में भाजपा को लोकसभा इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जीत मिली है। यहां से शंकर लालवानी रिकॉर्ड 11 लाख 75 हजार 92 वोट से जीते हैं। इंदौर सीट पर दूसरे नंबर पर नोटा रहा। यहां नोटा को दो लाख 18 हजार 674 वोट मिले हैं। यह भी एक रिकॉर्ड है। वहीं, विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 लाख 21 हजार वोटों से जीते है। गुना सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीत हुई है। वहीं भोपाल से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा और खजुराहो से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी*

*पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीते हैं। मप्र से चुनाव लड़ने वाले तीनों केन्द्रीय मंत्रियों को बड़े अंतर से जीत मिली है। कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवार और राजगढ़ सीट से प्रत्याशी दिग्विजय सिंह को एक लाख 40 हजार से ज्यादा वोटों से और छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को भी हार का सामना करना पड़ा हैं।*

प्रदेश में ख़राब प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हार की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि पूरी प्रदेश कांग्रेस मानती है कि पार्टी में बदलाव की जरूरत है। हम हार पर मंथन के साथ पार्टी में बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने कल कहा कि हम ये विचार करेंगे कि कहाँ कमी रह गई फिर उसमें सुधार करने के लिए मंथन करेंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में आज से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हो रहा है। यह गंगा दशमी 16 जून तक चलेगा। जल संवर्धन और संरक्षण के लिये आमजन को प्रेरित करने के लिये विविध गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आम लोगों से अभियान में बढ़–चढ़कर सहभागिता करने का आव्हान किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों और पारम्परिक जल संरचनाओं के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में चलेगा। इस विशेष अभियान में जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाएंगे। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाएगा। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिन हर साल 5 जून को मनाया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जा सके और इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा सके। इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस अभियान "हमारी भूमि" नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन पर केंद्रित है।

विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 1972 में की थी। पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 1974 को आयोजित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल सहित प्रदेश भर में पौधारोपण, साफ–सफाई और जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## मौसम

प्रदेश में आज फिर मौसम के मिजाज़ बदले हुए दिखेंगे। निवाड़ी, दतिया समेत कई शहरों में लू का असर रहेगा, जबकि भोपाल, इंदौर–जबलपुर में आंधी–बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के 32 जिलों में लू, आंधी–बारिश का अलर्ट है। इससे पहले कल पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 46 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में कल दिनभर तेज गर्मी रही, लेकिन शाम को आंधी–बारिश का दौर शुरू हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि वर्तमान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से आंधी, बारिश का दौर बन रहा है। वहीं, मानसून अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। इससे यह समय पर मध्यप्रदेश में पहुंच सकता है।

## ट्वेन्टी–ट्वेन्टी क्रिकेट विश्व कप

ट्वेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप क्रिकेट में आज रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम अपना अभियान शुरू करेगी। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत का मुकाबला आयरलैंड से होगा। भारतीय समयानुसार मैच रात 8 बजे शुरू होगा। ट्वेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप में कल नीदरलैंड ने नेपाल को छह विकेट से हराया। नेपाल की टीम 19 ओवर और दो गेंदों में 106 रन ही बना सकी। नीदरलैंड ने 107 रन का लक्ष्य 18 ओवर और चार गेंदों में चार विकेट पर 109 रन बनाकर हासिल कर लिया। इससे पहले ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया है।
- आगरमालवा जिले में आज से तालाब, बावड़ी, पोखर, नदियों और अन्य जलस्रोतों का संरक्षण और पुनरुद्धार, पुनर्जीवन के अधिकाधिक कार्य सामाजिक व अशासकीय संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद की सहभागिता से चलाये जाएगें।
- जबलपुर जिले की सभी शासकीय शालाओं का समय तत्काल प्रभाव से सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है।
- उज्जैन में मतगणना में गुणवत्ता रहित भोजन वितरित करने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने कल खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया।
- राजगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग– 52 पर पचोर थाना क्षेत्र में एक कंटेनर ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी जबकि एक अन्य घायल है।

---

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) भाजपा जीत-प्रदेश**

**मध्यप्रदेश में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है। भाजपा ने प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस को यहां एक भी सीट भी नहीं मिल पाई है।**

**वीसी-संजीव शर्मा**

**प्रदेश सहित देश भर में मिली जीत पर भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में कल विजय उत्सव मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई नेता इसमें शामिल हुए। नतीजों की बात करें तो इंदौर में भाजपा को लोकसभा इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जीत मिली है। यहां से शंकर लालवानी रिकॉर्ड 11 लाख 75 हजार 92 वोट से जीते हैं। इंदौर सीट पर दूसरे नंबर पर नोटा रहा।**

यहां नोटा को दो लाख 18 हजार 674 वोट मिले हैं। यह भी एक रिकॉर्ड है। वहीं, विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 लाख 21 हजार वोटों से जीते है। गुना सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीत हुई है। वहीं भोपाल से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा और खजुराहो से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीते हैं। मप्र से चुनाव लड़ने वाले तीनों केन्द्रीय मंत्रियों को बड़े अंतर से जीत मिली है। कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवार और राजगढ़ सीट से प्रत्याशी दिग्विजय सिंह को एक लाख 40 हजार से ज्यादा वोटों से और छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को भी हार का सामना करना पड़ा हैं।

प्रदेश में ख़राब प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हार की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि पूरी प्रदेश कांग्रेस मानती है कि पार्टी में बदलाव की जरूरत है। हम हार पर मंथन के साथ पार्टी में बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने कल कहा कि हम ये विचार करेंगे कि कहाँ कमी रह गई फिर उसमें सुधार करने के लिए मंथन करेंगे।

(2) जल गंगा संवर्धन अभियान-प्रदेश

प्रदेश में आज से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हो रहा है। यह गंगा दशमी 16 जून तक चलेगा। जल संवर्धन और संरक्षण के लिये आमजन को प्रेरित करने के लिये विविध गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आम लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आव्हान किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों और पारम्परिक जल संरचनाओं के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में चलेगा। इस विशेष अभियान में जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाएंगे। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाएगा। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल

संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी।

**(3) मौसम-प्रदेश**

प्रदेश में आज फिर मौसम के मिजाज़ बदले हुए दिखेंगे। निवाड़ी, दतिया समेत कई शहरों में लू का असर रहेगा, जबकि भोपाल, इंदौर-जबलपुर में आंधी-बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के 32 जिलों में लू, आंधी-बारिश का अलर्ट है। इससे पहले कल पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 46 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में कल दिनभर तेज गर्मी रही, लेकिन शाम को आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि वर्तमान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से आंधी, बारिश का दौर बन रहा है। वहीँ, मानसून अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। इससे यह समय पर मध्यप्रदेश में पहुंच सकता है।

**(4) विश्व पर्यावरण दिवस- प्रदेश**

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिन हर साल 5 जून को मनाया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जा सके और इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा सके। इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस अभियान “हमारी भूमि“ नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन पर केंद्रित है।

विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 1972 में की थी। पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 1974 को आयोजित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल सहित प्रदेश भर में पौधारोपण, साफ-सफाई और जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

----------------------